an>

Title: Need to address the issues pertaining to education, sanitation, housing, drinking water and power-supply under Multi-sectoral Development Programme (MSDP) in Kisanganj Parliamentary Constituency, Bihar and also set up Madarsa Buildings in the State under MSDP.

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज)ः मैं यह जानना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र किशनगंज (बिहार) में अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा को सुविधाजनक बनाने एवं बढ़ावा देने के लिए बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एम.एस.डी.पी.) द्वारा सम्बद्ध एवं आर्थिक सहायता प्राप्त मदरसा इमारतें बनाने हेतु कितनी राशि आवंटित की गई। इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थी उन्मुख आय एवं सृजन के अवसरों के अलावा शिक्षा, साफ-सफाई, पक्के मकान, पेयजल और विद्युत आपूर्ति के प्रावधान से संबंधित परियोजनाओं पर एमएसडीपी के द्वारा किशनगंज में इन समस्याओं पर जल्द से जल्द धन दिया जाए और आर्थिक सहायता प्राप्त मदरसों की बिल्डिंग बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किशनगंज के अब तक 240 मदरसा में से 149 पर इमारत बन चुकी है, 91 बाकी हैं। पूर्णियां जिले में 103 मदरसों में से 72 पर इमारतें बन चुकी हैं, 31 बाकी है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार के शेष मदरसा बिल्डिंग एमएसडीपी के तहत तमाम इमारतें बनायी जाएं।